27/04/2026

आकाशवाणी ईटानगर

सरकार ने सोशल मीडिया पर फैल रहे उस संदेश का खंडन किया है, जिसमें दावा किया जा रहा है कि सरकार ने मुफ्त लैपटॉप देने की योजना शुरू की है और इसके लिए आवेदन स्वीकार किए जा रहे हैं। प्रेस सूचना ब्यूरो (PIB) की फैक्ट चेक यूनिट ने इस दावे को फर्जी बताया है और स्पष्ट किया है कि सरकार द्वारा ऐसी कोई योजना घोषित नहीं की गई है। PIB ने यह भी कहा कि इस प्रकार के संदेश अक्सर लोगों की व्यक्तिगत या वित्तीय जानकारी एकत्र करने की कोशिश होते हैं। नागरिकों को सलाह दी गई है कि वे ऐसे संदेशों को आधिकारिक स्रोतों से सत्यापन किए बिना आगे न बढ़ाएं।

0000000000000000000000

विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर ने आज भारत-न्यूजीलैंड मुक्त व्यापार समझौते (FTA) पर हस्ताक्षर का स्वागत किया है। सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में उन्होंने कहा कि यह समझौता आर्थिक साझेदारी को मजबूत करेगा, निवेश को बढ़ावा देगा और भारतीय निर्यातकों के लिए बाजार तक पहुंच को बेहतर बनाएगा। उन्होंने इस समझौते को भारत और न्यूजीलैंड के संबंधों के लिए एक ऐतिहासिक कदम बताया।

मंत्री ने कहा कि यह FTA नवाचारकर्ताओं, उद्यमियों, किसानों, MSMEs, महिलाओं और युवाओं के लिए नए अवसर भी खोलेगा।

00000000000000000000000

अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने कल नई दिल्ली में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से मुलाकात की और सीमावर्ती राज्य में महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के लिए निरंतर सहयोग का अनुरोध किया। श्री खांडू ने राज्य की जनता की ओर से आभार व्यक्त करते हुए कहा कि राज्य में विशेषकर सीमावर्ती जिलों में बुनियादी ढांचे का अभूतपूर्व विकास हुआ है, जिससे न केवल अंतरराष्ट्रीय सीमाओं की सुरक्षा मजबूत हुई है बल्कि वहां रहने वाले लोगों के जीवन स्तर में भी सुधार आया है। बैठक में रक्षा मंत्री ने आश्वासन दिया कि अरुणाचल प्रदेश के सभी प्रस्तावों और परियोजनाओं पर गंभीरता से विचार किया जाएगा।

00000000000000000000000

आगामी मानसून को देखते हुए तिराप जिला प्रशासन ने अपनी तैयारियां तेज कर दी हैं। आज उपायुक्त कार्यालय कॉनफ्रेंस हॉल में सहायक आयुक्त एन.एल. नाम की अध्यक्षता में एक समीक्षा बैठक आयोजित की गई, जिसमें विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने भाग लिया। बैठक में बाढ़, भूस्खलन और अन्य चुनौतियों से निपटने के लिए समन्वित कार्ययोजना पर जोर दिया गया।

नदी के जलस्तर और वर्षा की चौबीसों घंटे निगरानी करने तथा किसी भी असामान्य वृद्धि की तुरंत सूचना जिला आपातकालीन संचालन केंद्र को देने के निर्देश दिए गए। अधिकारियों को यह भी निर्देशित किया गया कि किसी भी घटना की जानकारी सबसे तेज माध्यम से तुरंत दें और अड़तालीस घंटे के भीतर विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करें। सभी विभागों को अपने आपदा प्रबंधन योजनाएं और मानक संचालन प्रक्रियाएं (SOPs) नोडल अधिकारियों के अद्यतन संपर्क विवरण के साथ प्रस्तुत करने को कहा गया।

0000000000000000000000

दपोरिजो नगर में उचित वैस्ट मैंनेजमेंट के प्रति लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से शहरी विकास विभाग द्वारा आज एक जागरूकता अभियान शुरू किया गया। जन सूचना, शिक्षा एवं संचार कार्यक्रम के तहत कचरा प्रबंधन पर यह अभियान चलाया गया। इस अभियान की शुरुआत शहरी विभाग के सहायक अभियंता ताते नालो और टाउन मजिस्ट्रेट द्वारा की गई। दापोरिजो में बढ़ते कचरे की मात्रा को देखते हुए यह पहल की गई है, जो पर्यावरण और जन स्वास्थ्य के लिए गंभीर चिंता का विषय बनती जा रही है। जिला प्रशासन ने शहरी एवं आवास विभाग के सहयोग से "सफाई मित्रों" को नामित किया है, जो नगर क्षेत्र में घर-घर जाकर लोगों को जागरूक करेंगे।

0000000000000000000000

एक विशेष POCSO अदालत ने चौवालीस वर्षीय व्यक्ति को अपनी नाबालिग भतीजी के साथ बार-बार दुष्कर्म करने के अपराध में मृत्युदंड सुनाया है। यह घटना वर्ष दो हज़ार उन्नीस में सेप्पा से दोइमुख ले जाते समय हुई थी। अदालत ने इसे **"रेयरेस्ट ऑफ रेयर"** यानी अत्यंत दुर्लभ और जघन्य मामला बताते हुए गंभीर उल्लंघन का उदाहरण माना। विशेष न्यायाधीश (POCSO) डॉ. हीरेंद्र कश्यप ने आरोपी लाकांग तालांग को भारतीय दंड संहिता (IPC) की धारा तीस सौ छिहत्तर (2)(f) और पांच असौ छह तथा POCSO अधिनियम की धारा छह के तहत दोषी ठहराया। सजा सुनाते हुए अदालत ने कहा कि दोषी repeat offender है और समाज के लिए गंभीर खतरा है, जिसके लिए उसे मृत्युदंड दिया गया।

0000000000000000000000

ईटानगर मौसम विभाग ने आज राज्य के सत्रह ज़िलों वेस्ट कामेङ, ईस्ट कामेङ, पाके केसाङ, पापुम पारे, लोअर सुबनसिरी, कामले, अपर सियाङ, लोअर सियाङ, ईस्ट सियाङ, लेपा रादा, लोअर दिबाङ वैली, आंजाव, लोहित, नामसाई, चाङलाङ, तिराप और लोङदिङ के लिए अगले 24 घंटों में अलग अलग स्थानों में ग़रज के सात बिजली गिरने और बहुत तेज़ बारिश का येलो अलर्ट जारे किया है।

0000000000000000000000

निशानेबाजी में भारतीय खिलाड़ियों ने काएरो में आयोजित ISSF जूनियर विश्व कप 2026 में शानदार प्रदर्शन करते हुए पदक तालिका में शीर्ष स्थान हासिल किया। भारत ने कुल 16 पदक जीते, जिनमें पांच स्वर्ण, छह रजत और पांच कांस्य पदक शामिल हैं। भारतीय निशानेबाज हेमंत बर्मन ने पुरुषों की पचास मीटर राइफल थ्री पोजिशन स्पर्धा में तीन सौ इक्यावन दशमलव सात अंकों के साथ रजत पदक जीता, जो काएरो प्रतियोगिता में भारत का पहला शॉटगन पोडियम रहा।

0000000000000000000000